# Navbharat Times

Date: 01 June 2018

Page No: 04 (GZB.)

# निकाली जागरूकता रैली

■ एनबीटी न्यूज, मेरठ रोड : विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर गुरुवार को आईटीएस डेंटल कॉलेज की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। जागरूकता रैली को आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने हरी झंडी दिखाई। रैली कॉलेज से शुरू हुई और कई गांवों से होकर गुजरी। छात्र-छात्राओं ने लोगों को बताया कि पूरे विश्व में 6 लाख मौत केवल तंबाकू के प्रयोग से होती है।



छात्रों ने कैंसर से नुकसान की जानकारी दी

Amar Ujala

Page No: 08

Date: 01 June 2018

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में मुफ्त नशा मुक्ति केंद्र की सुविधा

गाजियाबाद। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर मुरादनगर स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में मरीजों, विद्यार्थियों को तंबाकू का सेवन रोकने के लिए जागरूकता के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। आईटीएस द एजूकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने गुब्बारों को हवा में छोडकर तंबाकू निषेध रैली को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने बताया कि आईटीएस डेंटल कॉलेज में मुफ्त नशा मुक्ति केंद्र की सुविधा दी जा रही है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पोस्टर, रंगोली आदि बनाए। आईटीएस डेंटल कॉलेज के साथ ही इसके 5 सैटेलाइट क्लीनिकों पर भी तंबाकू के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई।